**प्रसार भारती**

**भारतीय प्रसारण निगम**

**आकाशवाणी केन्द्र शिमला**

**04.12.2024 / प्रादेशिक समाचार / 09.20 बजे**

## नौसेना दिवस

आज नौसेना दिवस है। भारतीय नौसेना की भूमिका और उपलब्धियों को मान्यता देने के लिए हर वर्ष 4 दिसम्बर को यह दिवस मनाया जाता है। वर्ष 1971 में आज ही के दिन ऑपरेशन ट्राइडेंट के दौरान भारतीय नौसेना ने पी.एन.एस. खैबर सहित पाकिस्तान के चार पोत डुबो दिये थे। इस अभियान में सैकड़ों पाकिस्तानी नौसेना कर्मी मारे गए थे। इस बीच राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु आज दोपहर ओडिशा के पुरी में ब्लू फ्लैग बीच पर नौसेना दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होंगी। इस आयोजन में नौसेना कमांडो और सैन्य कर्मियों के साथ 15 से अधिक जहाजों, पनडुब्बियों और 40 विमानों की विशिष्ट क्षमता का प्रदर्शन किया जाएगा।

## स्थापना दिवस

गृह रक्षा व नागरिक सुरक्षा का 62वां स्थापना दिवस 6 दिसंबर को शिमला में मनाया जाएगा। इस दौरान आज से तीन दिन तक कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। डिप्टी कमांडेंट जनरल ए.के. पराशर ने बताया कि पहले दिन आज होम गार्ड के सभी जिलों के कमांडेंट का सम्मेलन आयोजित होगा जिसमें आपदा प्रबंधन और सुरक्षा के संदर्भ में आगामी एक वर्ष की कार्य योजना पर चर्चा की जाएगी। कल 5 दिसंबर को इंटर बटालियन बैंड प्रतियोगिता होगी जबकि 6 दिसंबर को रिज मैदान में मुख्य समारोह होगा जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू मुख्य अतिथि के रूप में शिरक्त करेंगे। इस दिन होम गार्ड की 12 बटालियन की 12 टुकड़ियां, एक महिला बटालियन की टुकड़ी मार्च पास और परेड में हिस्सा लेगी।

## जगत सिंह नेगी

राजस्व, बागवानी एवं जनजातीय विकास मंत्री जगत सिंह नेगी ने जनजातीय क्षेत्रों का विकास सुनिश्चित करने के लिए शिमला में कल समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। उन्होंने लाहौल, किन्नौर तथा स्पिति के अधिकारियों, मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग तथा बिजली बोर्ड को जनजातीय क्षेत्रों के गांवों तक सड़क, पेयजल और विद्युत की बेहतर सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने पीएम ग्रामीण सड़क योजना के तहत कच्ची सड़कों को पक्का करने तथा नई सड़कों की डीपीआर तैयार करने को भी कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नाबार्ड के तहत भी संपर्क मार्गों के प्रस्ताव तैयार करें।

## बाली

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम की दशा सुधारने के लिए निगम ने प्रयास तेज कर दिए हैं। पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष आर.एस. बाली ने शिमला में निगम के अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान बताया कि निगम ने 2022–23 में 109 करोड़ और 2023–24 में 105 करोड़ रुपये का टर्न ओवर पहली बार हासिल किया है। उन्होंने कहा कि आपदा के बावजूद पर्यटन विकास निगम के होटलों में रिकॉर्ड कार्य हुआ। बाली ने कहा कि पर्यटन विकास निगम के होटलों को रेनोवेशन की जरुरत है। जिसमें पहले चरण में तीन होटल पीटर हॉफ, होटल हॉलिडे होम और हमीर होटल के रेनोवेशन का कार्य शुरू किया जाएगा जिसके लिए 16 करोड़ की लागत अनुमानित है।

## आदर्श ग्राम योजना

प्रधानमंत्री आदर्श ग्राम योजना के तहत ऊना जिला में पहले से चयनित 23 गांवों के अलावा 13 अतिरिक्त गांव चुने गए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त महेन्द्र पाल गुर्जर ने ऊना में एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए बताया कि इस योजना के कियान्वयन पर जिले में तीन करोड़ 59 लाख 20 हजार की राशि जारी की गई है। उन्होंने कहा कि योजना के तहत चयनित गांवों में सभी सुविधाओं से युक्त पुस्तकालय स्थापित किए जाएंगे।

**पासपोर्ट अदालत**

क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय शिमला में सात दिसंबर को पासपोर्ट अदालत का आयोजन किया जाएगा। इस अदालत में 30 नवम्बर 2024 तक पासपोर्ट सेवाओं के लिए आवेदन करने वाले आवेदकों को सुविधा मिलेगी। आवेदक सात दिसंबर को सभी मूल दस्तावेजों के साथ पासपोर्ट कार्यालय आ सकते हैं ताकि उनकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।

**अब एक नजर अखबारों की सुर्खियों पर.....**

आज समाचार पत्रों ने प्रदेश सरकार की नई योजनाओं से जुड़ी खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

अमर उजाला की सुर्खी है–**दूसरी वर्षगांठ पर गोबर खरीद, ई–टैक्सी व सुख शिक्षा योजना शुरू करेगी सरकार।** दिव्य हिमाचल लिखता है–**बिलासपुर से तीन योजनाएं लांच करेंगे सुक्खू।** दैनिक जागरण के शब्द हैं–**दो साल पूरा होने पर तीन योजनाएं शुरू करेगी सुक्खू सरकार।** पंजाब केसरी ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–**11 को पूरी करेंगे सात गारंटियां, प्रदेश को लुटने नहीं दूंगा।** वहीं आपका फैसला का शीर्षक है–**11 दिसंबर को शुरू होंगी तीन योजनाएं।** हिमाचल दस्तक का कहना है–**गोबर खरीद योजना को लांच कर सातवीं गारंटी पूरी करेगी कांग्रेस।**

दैनिक सवेरा टाइम्स की एक खबर है–**सीएम सुक्खू ने मंडी में बगलामुखी रोपवे जनता को किया समर्पित।**

प्रदेश हाईकोर्ट से जुड़ी खबर पर दैनिक भास्कर की सुर्खी है–**प्रदेश में होटलों व कर्मिशयल प्रोजेक्टों के 14 मंजिल भवनों के निर्माण पर स्टे।** अमर उजाला लिखता है–**नाइलेट से भी आउटसोर्स भर्ती पर हाईकोर्ट ने लगाई रोक।**

मौसम पर पंजाब केसरी के शब्द हैं–**रोहतांग सहित बारालाचा दर्रे में हिमपात, चार दिन शुष्क रहेगा मौसम।** आपका फैसला के मुताबिक **ऊंची चोटियों पर हल्की बर्फबारी।**